>

Title: Need to construct a railway line between Tarapur and Arnej-laid.

श्री मितेष पटेल (बकाभाई) (आनंद) : सभापति महोदय, अहमदाबाद जिले के धोलका तहसील में श्री बूट भवानी माता का ऐतिहासिक शक्तिपीठ मंदिर अरनेज गांव में स्थित है। इस शक्तिपीठ पर माता के दर्शन हेतु गुजरात और दूसरे अन्य राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु एवं साधु संत आते रहते हैं। यहाँ की जनता की यह वर्षों से मांग रही है कि मेरे संसदीय क्षेत्र स्थित तारापुर और अरनेज के बीच रेल लाइन बिछाई जाए, जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अरनेज स्टेशन जो अभी फ्लैट कैटेगरी में है, उसे बी कैटेगरी में अपग्रेड किया जाए। तारापुर से अरनेज हेतु नई रेलवे लाइन के लिए तीन बार सर्वे भी हो चुका है। … (व्यवधान)

सदन के माध्यम से माननीय रेलमंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र और आसपास की जनता की वर्षों पुरानी मांग तारापुर और अरनेज के बीच रेल लाइन बिछाने हेतु प्रभावी कदम उठाने बाबत संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें।… (व्यवधान)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही चार बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

15.37 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Sixteen of the Clock.

16.00hrs

The Lok Sabha re-assembled at Sixteen of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair)*

At this stage, Shri Benny Behanan, Shri A. Raja, Shrimati Satabdi Roy and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

… (*Interruptions*)

16.01 hrs

HON. CHAIRPERSON: Kumari G. Madhavi.